भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1931
सोमवार, 13 मार्च, 2023/22 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित निधियां**

**1931. श्री अरविंद सावंतः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोविड-19 महामारी से पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार को विभिन्न राज्य सरकारों से पर्यटक परिपथ के अंतर्गत नए पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार द्वारा उक्त प्रस्तावों पर क्या निर्णय लिया गया है;

(च) क्या केन्द्र सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों को उनके संबंधित राज्यों में नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए निधियां आबंटित की हैं; और

(छ) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) जी हां, महोदय। कोविड-19 महामारी से पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित विभिन्न राहत उपायों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) से (छ) पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजना दिशा-निर्देशों के अंतर्गत देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय द्वारा विकास हेतु शुरू की गई परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और पूर्ण परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति, संगत योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता और पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर उन्हें मंजूरी दी जाती है।

योजनाओं की शुरुआत से लेकर अब तक स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र सहित, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के लिए संस्वीकृत परियोजनाएं और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्रमश: **अनुबंध-II** और **अनुबंध-III** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित निधियां के सम्बन्ध में दिनांक 13.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1931 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के लिए घोषित किए गए राहत उपाय**

कोविड के पश्चात् देश के पर्यटन क्षेत्र के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा घोषित विभिन्न राहत उपाय निम्नानुसार हैं:

i. सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की जिसके माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का संपार्श्विक मुक्त स्वचालित ऋण उपलब्ध कराया गया है । ऋण की अवधि 4 साल की होगी और 12 महीने की ऋण-स्थगन अवधि होगी ।

ii. आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत, तीन महीने के लिए ईपीएफओ द्वारा कवर किए गए सभी प्रतिष्ठानों के लिए नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के भविष्य निधि योगदान को प्रत्येक के लिए मौजूदा 12% से घटाकर 10% कर दिया गया है।

iii. पांच करोड़ रुपये तक की कंपनियों के लिए बिना किसी दंडात्मक ब्याज के रिटर्न फाइलिंग तीन महीने के लिए स्थगन, बाकी के लिए @9 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज के साथ ।

iv. सरकार ने 100 से कम कार्मिकों वाले और जिनके 90% कर्मचारियों की आय 15000 रुपये से कम वाले, संगठनों के लिए भविष्य निधि योगदान को तीन महीने के लिए माफ कर दिया।

v. अक्टूबर 2020 तक स्रोत पर एकत्रित कर (टीसीएस) का आस्थगन।

vi. केंद्र सरकार ने व्यापार निरंतरता और अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए कोविड-19 संकट को ध्यान में रखते हुए, अलग-अलग अवधि के लिए आयकर अधिनियम, कंपनी अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के तहत विभिन्न नियामक अनुपालनों से राहत प्रदान की है।

vii. पात्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और व्यावसायिक उद्यमों को उनकी परिचालन देनदारियों को पूरा करने और अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने में सहायता करने के लिए मई, 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 3.0 शुरू की गई थी। इस योजना के तहत पात्र कर्जदारों को योजना के तहत उनके द्वारा दिए गए ऋणों के लिए ऋण देने वाली संस्थाओं को 100% क्रेडिट गारंटी दी जाती है। योजना के तहत स्वीकार्य गारंटी सीमा को 4.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिसमें 50,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त गारंटी कवर नागरिक उड्डयन क्षेत्र सहित आतिथ्य और संबंधित उद्यमों के लिए विशेष रूप से निर्धारित है।

viii. 28 जून, 2021 को, सरकार ने कोविड-19 महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के संवर्धन और विकास तथा रोजगार के उपायों को गति प्रदान करने के लिए प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की। पैकेज में तीन व्यापक श्रेणियों में कुल 17 उपाय शामिल हैं, जिसमें 'महामारी से आर्थिक राहत, स्वास्थ्य और पुनर्जीवित यात्रा और पर्यटन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ' और 'विकास और रोजगार के लिए प्रोत्साहन' शामिल हैं।

ix. पर्यटन मंत्रालय ने 'कोविड प्रभावित पर्यटन सेवा क्षेत्र के लिए ऋण गारंटी योजना (एलजीएससीएटीएसएस)' शुरू की थी, जिसका उद्देश्य संकटग्रस्त पर्यटन क्षेत्र को उनकी देनदारियों का निर्वहन करने और इस योजना के तहत कोविड -19 महामारी के कारण प्रभावित अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करना है, पर्यटन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित टूर ऑपरेटर / ट्रैवल एजेंटों / परिवहन ऑपरेटरों द्वारा प्रत्येक को 10.00 लाख रुपये तक का संपार्श्विक मुक्त ऋण और पर्यटन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित आरएलजी/आईआईटीजी और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा अनुमोदित पर्यटक गाइड प्रत्येक के द्वारा 1.00 लाख रुपये तक का लाभ प्राप्त किया जा सकता है । यह योजना पहले से ही 18 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से चल रही है। योजना की वैधता को एक और वर्ष यानी 31 मार्च, 2023 तक या योजना के तहत 250.00 करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक बढ़ा दिया गया है। दिनांक 03.03.2023 तक, 6.5899 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और कुल 460 व्यक्तियों/एजेंसियों के लिए 3.7207 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है।

x. कोविड-19 के पश्चात पुनरुद्धार की तैयारी की दृष्टि से, मंत्रालय ने 08.06.2020 को होटल, रेस्तरां, बीएंडबी/होम स्टे और पर्यटन सेवा प्रदाताओं के लिए कोविड सुरक्षा और स्वच्छता के लिए विस्तृत परिचालन दिशानिर्देश तैयार और जारी किए हैं ताकि व्यवसाय को सुचारू रूप से फिर से शुरू किया जा सके।

xi. होटल, रेस्तरां, बी एंड बी और अन्य इकाइयों के सुरक्षित संचालन के लिए कोविड -19 और उससे आगे के संदर्भ में जारी दिशानिर्देशों/एसओपी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ''साथी'' (आतिथ्य उद्योग के लिए आकलन, जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए प्रणाली) नामक एक पहल विकसित की गई है।

xii. पर्यटन उद्योग में हितधारकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बाजार विकास सहायता योजना (एमडीए) के दिशा-निर्देशों को योजना के दायरे और पहुंच को बढ़ाने के लिए संशोधित किया गया है, ताकि हितधारकों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके। ऑनलाइन प्रचार सहित अतिरिक्त प्रचार गतिविधियों को शामिल किया गया है और अनुमेय वित्तीय सहायता की सीमा को बढ़ाया गया है। विदेश संवर्धन और प्रचार योजना के तहत विपणन विकास सहायता कार्यक्रम के दिशानिर्देशों को संशोधित किया

गया है ताकि योजना के दायरे और पहुंच को बढ़ाया जा सके, ताकि पर्यटन उद्योग में हितधारकों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके।

xiii. देश में अंतर्गामी पर्यटन को फिर से शुरू करने और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने संभावित पर्यटन बाजारों से विदेशी पर्यटकों को पहले 5 लाख वीजा मुफ्त में दिए हैं। पहले 5 लाख पर्यटक वीजा (निःशुल्क वीजा) जारी करने के दौरान प्रति पर्यटक केवल एक बार नि:शुल्क वीजा का लाभ मिलेगा।

xiv. कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न स्थिति के परिणामस्वरूप पर्यटन मंत्रालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परामर्श से व्यवसाय की निर्बाध बहाली के लिए पर्यटन हितधारकों, होटलों और रेस्तरां को दिशानिर्देश/निर्देश जारी करता है।

xv. गृह मंत्रालय ने 165 देशों के विदेशी नागरिकों के लिए अभी तक ई-टूरिस्ट वीजा को बहाल किया गया है।

******

**अनुबंध II**

नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित निधियां के सम्बन्ध में दिनांक 13.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1931 के भाग (ग) से (छ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत राज्य-वार परियोजनाओं की 28.02.2023 तकी की सूची**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि | उपयोग की गई राशि | भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | तटवर्ती परिपथ 2016-17 | लांग आईलैंड - रॉस स्मिथ आईलैंड - नील आईलैंड - हैवलॉक आईलैंड - बरटांग आईलैंड - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 | 20.89 | 14.51 | पूर्ण |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्य जीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अडुरू - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास | 67.84 | 67.84 | 67.84 | पूर्ण |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ 2015-16 | नेल्लोर-पुलिकट झील-उब्बलंबादुगु जल प्रपात- नेलपट्टू-कोठकोंडुरु- मायपाडू- रामतीर्थम- इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 | 50.96 | पूर्ण |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | शालीहुंडम - बावीकोंडा - अमरावती - अनुपु का विकास। | 24.14 | 24.14 | 24.14 | पूर्ण |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्व परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास। | 49.77 | 47.28 | 39.81 | पूर्ण |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्व परिपथ 2015-16 | नेफ्रा- सेपा- पप्पू-पासा- पक्के घाटी- संगडूपोट-न्यू सागले, जीरो, योमचा का विकास | 96.72 | 91.88 | 84.24 | पूर्ण |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबीतोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास। | 94.68 | 89.94 | 89.53 | पूर्ण |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - मजूली - सिबसागर का विकास | 90.98 | 86.42 | 86.42 | पूर्ण |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.97 | 30.04 | 26.19 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवड़िया मार्ग का विकास : सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर | 44.76 | 42.52 | 40.51 | पूर्ण |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण-बौध परिपथ का विकास | 95.18 | 93.22 | 93.22 | पूर्ण |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 | 39.96 | 35.72 | पूर्ण |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 | 42.32 | 39.34 | पूर्ण |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर - कुंकुरी - मैनपट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुरदार - सरोदादादर - गंगरेल - कोंडागांव - नथिया नवगांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 | 94.23 | 94.23 | पूर्ण |
| 15. | गोवा | तटवर्ती परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगौडा किला एवं अगौड़ा जेल का विकास। | 97.65 | 92.76 | 92.76 | पूर्ण |
| 16. | गोवा | तटवर्ती परिपथ 2017-18 | तटवर्ती परिपथ : II रुआ दे ओरम क्रीक - डोन पौला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 | 99.35 | 94.38 | पूर्ण |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारडोली - डांडी का विकास। | 58.42 | 56.21 | 55.67 | पूर्ण |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर और मोढेरा का विकास | 91.12 | 87.25 | 85.63 | पूर्ण |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 | 22.28 | 19.96 | पूर्ण |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से सम्बन्धित पर्यटन अवसंरचना का विकास। | 70.91 | 77.88 | 69.53 | पूर्ण |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | कियारीघाट, शिमला, हटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा में हिमालयन परिपथ का विकास | 68.34 | 64.55 | 60.80 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-श्रीनगर-पहलगांव-भगवती नगर-अनंतनाग-सलामाबाद उरी-कारगील-लेह का विकास । | 77.33 | 61.87 | 59.30 | पूर्ण |
| 23. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - राजौरी - शोपिया - पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 81.60 | 67.35 | 59.41 | पूर्ण |
| 24. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ के कारण नष्ट हो चुकी परिसंपत्तियों के बदले में निर्माण के तहत पर्यटक सुविधाओं का विकास। | 90.43 | 74.70 | 67.07 | पूर्ण |
| 25. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई एवं सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 92.00 | 87.19 | 84.46 | 99.87 |
| 26. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - किश्तवार- पहलगाम - दकसुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 | 69.95 | 63.25 | पूर्ण |
| 27. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामुला - कुपवाड़ा - कारगील लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 | 73.45 | 57.50 | 78.42 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | ईको पर्यटन परिपथ डलमा - बेटला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.11 | 26.37 | 23.37 | 62.57 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथीटा - गावी - वागामोन - थेक्काडी का विकास | 64.08 | 64.08 | 64.08 | पूर्ण |
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्नीधानम का विकास | 54.88 | 27.44 | 21.05 | 76.23 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री पद्मनाभ अर्नामुला का विकास | 78.08 | 73.77 | 70.00 | पूर्ण |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मलनाड, मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 23.77 | 20.34 | 54.46 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | सिवागिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.43 | 15.57 | 8.81 | 51.74 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का | 92.10 | 86.31 | 83.83 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | विकास। | | | | |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची - सतना - रीवा-मंदासौर - धार का विकास | 74.02 | 72.75 | 69.08 | पूर्ण |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास | 89.82 | 89.49 | 87.39 | पूर्ण |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधी सागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बारगी बांध - भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 | 89.08 | 88.58 | पूर्ण |
| 38. | महाराष्ट्र | तटवर्ती परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ- सागरेश्वर, तरकर्ली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 | 18.11 | 16.45 | पूर्ण |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अडासा - धापेवाडा - परदसिंघा - तेलंखंडी - गिराड का विकास | 53.96 | 32.04 | 22.04 | 59.02 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्व परिपथ 2015-16 | मणिपुर: इंफाल - कोंगजोम में पर्यटक परिपथ का विकास | 72.23 | 61.32 | 61.25 | पूर्ण |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर- श्री गोपीनाथ मंदिर- श्री बॉग्शीबोदोन मंदिर- श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 | 43.04 | 42.91 | पूर्ण |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्व परिपथ 2016-17 | यूमियम (लेक व्यू), यू लम - सोहपेटबनेंग - मवडियांगडियांग - ऑर्चिड लेक रिजॉर्ट का विकास। | 99.13 | 99.11 | 94.14 | पूर्ण |
| 43. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ 2018-19 | पश्चिमी खासी हिल्स (नोंगखलाव - क्रेम टिरोट - खुडोई एवं खोमांग फाल्स - खरी नदी - मवथाद्रैशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सुरी फाल्स - शिरमांग - लूकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू की गुफाएं) का विकास | 84.97 | 72.22 | 50.98 | 92.47 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्व परिपथ 2015-16 | थेंजवाल और दक्षिण जोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास | 92.26 | 92.26 | 90.24 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | आइजवाल - रापुईछिप - खावहपहवप - लेंगपुई - चटलांग - साकावरमुइतुइतलांग - मुथी - बेरातलवंग - तुरियल एयरफील्ड - हुमुईफांग में इको एडवेंचर परिपथ का विकास | 66.37 | 49.53 | 49.53 | 56.35 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | पेरेन - कोहिमा - वोखा में जनजातीय परिपथ का विकास | 97.36 | 92.49 | 92.49 | पूर्ण |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तेनसांग - मोन का विकास | 98.14 | 93.24 | 93.24 | पूर्ण |
| 48. | ओडिशा | तटवर्ती परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाडा तथा तम्पारा का विकास | 70.82 | 63.56 | 59.93 | 94.05 |
| 49. | पुद्दुचेरी | तटवर्ती परिपथ 2015-16 | दुबरायापेट-अरिकामेडू-वीरमपट्टिनम-चुनंबर-नल्लावाडू/नारम्बाई-मानापेट-कालापेट- पुद्दुचेरी और यनम का विकास | 58.44 | 58.44 | 58.08 | पूर्ण |
| 50. | पुद्दुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको - तमिल गाँव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 | 45.70 | 43.93 | पूर्ण |
| 51. | पुद्दुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | पुद्दुचेरी-थिरुकंच-कराईकल-यनम का विकास | 34.96 | 30.94 | 30.94 | पूर्ण |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - अमृतसर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 94.51 | 67.14 | 62.67 | 79.35 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास। | 50.01 | 50.01 | 55.89 | पूर्ण |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी मंदिर (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास। | 75.80 | 72.01 | 67.30 | 97.67 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ: चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घाटके बालाजी, बांधे के बालाजी) - विराटनगर (बिजाक, जैन्नासिया, अंबिका | 87.05 | 72.23 | 68.91 | 98.83 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ (सांवलिया सेठ जी) का विकास। | | | | |
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ का विकास: राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर एवं नाहरगढ़ किले में कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था (रणथंबोर किला और खांदर किला) - झालावाड़ (गगरौन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ किला)- जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेडी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक, मेरता)-टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 | 60.91 | 56.24 | पूर्ण |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्व परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - आरिटार - फादमचेन - नथांग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग - यमथांग - लाचेन - थांगु - गुरूडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिन - लिंगी - सिंगटम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास। | 98.05 | 97.41 | 92.77 | पूर्ण |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्व परिपथ 2016-17 | सिंगटम- माका - टेमी - बरमोइक टाकेल फ्रोगिंया- नामची-जोरथांग - ओखरे - सोम्बारिया - दारमदीन - जोरथांग- मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 | 90.55 | 85.18 | पूर्ण |
| 59. | तमिलनाडु | तटवर्ती परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - ममल्लामपुरम - रामेश्वरम - मनपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 69.48 | 69.48 | पूर्ण |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिला में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 87.04 | 91.62 | पूर्ण |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लक्नावरम - मेदावरम - तडवई - दमारावी - मल्लौर - बोगथा के झरनों का विकास। | 79.87 | 79.87 | 79.87 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2018-18 | विरासत परिपथ का विकास : कुतुब शाही हेरिटेज पार्क - पैगाह मकबरा - हयात बक्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा | 96.90 | 70.61 | 69.11 | 84.83 |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्व परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहिजाला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - दंबूर - नारीकेलकुंजा - गंडाचारा - अंबासा का विकास। | 82.85 | 73.30 | 71.45 | पूर्ण |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्व परिपथ 2018-19 | सुरमा चेर्रा - उनाकोटी - जंपुई हिल्स - गुनाबाती - भुनानेश्वरी - नीरमहल - बोक्सानगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास | 44.83 | 18.37 | 8.27 | 47.96 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | 69.82 | पूर्ण |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 | 56.03 | पूर्ण |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - उन्नाव - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डोमरियागंज- बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहाँपुर का विकास। | 71.91 | 68.32 | 66.56 | पूर्ण |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक -II परिपथ 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिशरिख - भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | 63.62 | पूर्ण |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महौर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.92 | 32.27 | 32.30 | पूर्ण |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | 115.46 | 108.62 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 | 11.43 | 9.63 | 91.19 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 | 16.81 | 12.61 | 94.76 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी झील के चारों ओर टिहरी - चंबा - सरेन का विकास | 69.17 | 69.17 | 69.20 | पूर्ण |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमायूं क्षेत्र - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का विकास | 76.32 | 67.62 | 68.91 | पूर्ण |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटवर्ती परिपथ 2015-16 | बीच परिपथ का विकास : उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रासेरगंज - बख्खलई - हेनरी द्वीप | 67.99 | 65.07 | 65.07 | पूर्ण |
| 76. | - | मार्गस्थ सुविधाओं का विकास (उप योजना) 2018-19 | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 15.07 | 14.32 | 14.16 | पूर्ण |
| | | | **कुल योग** | **5292.57** | **4745.84** | **4514.35** | |

- नई वितीय प्रक्रिया के अनुसार सीएनए को जारी की गई राशि सहित

**********

**अनुबंध-III**

नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित निधियां के सम्बन्ध में दिनांक 13.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1931 के भाग (ग) से (छ) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत राज्य-वार स्वीकृत परियोजनाओं की सूची** **(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना की संख्या | परियोजना का नाम | संस्वीकृति का वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास** | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | | 2. | श्रीसैलम मंदिर का विकास** | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| | | 3. | विशाखापत्तनम में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ संबंधी सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 14.12.2022 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 4. | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 2020-21 | 37.88 | 7.34 |
| 3 | असम | 5. | गुवाहाटी में और आसपास कामाख्या मंदिर तथा तीर्थस्थलों का विकास** | 2015-16 | 29.80 | 29.80 |
| 4 | बिहार | 6. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास** | 2014-15 | 4.27 | 2.91 |
| | | 7. | पटना साहिब का विकास** | 2015-16 | 41.54 | 33.23 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 8. | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 | 24.33 |
| 6 | गुजरात | 9. | द्वारका का विकास** | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| | | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्री सुविधाएं** | 2016-17 | 45.36 | 45.36 |
| | | 11. | प्रशाद योजना के अंतर्गत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास** | 2018-19 | 47.12 | 47.12 |
| | | 12. | सोमनाथ गुजरात में क्यू मैनेजमैंट कॉम्प्लेक्स सहित तीर्थयात्री प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 10.03.22 |
| | | 13. | बनासकंठा, गुजरात के अम्बाजी मंदिर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 |
| 7 | हरियाणा | 14. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 | 28.77 |
| 8 | जम्मू एवं कश्मीर | 15. | हजरतबल में विकास | 2016-17 | 40.46 | 32.37 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | झारखंड | 16. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास** | 2018-19 | 39.13 | 31.23 |
| 10 | केरल | 17. | गुरुवयूर मंदिर का विकास** | 2016-17 | 45.19 | 45.19 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 18. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 |
| | | 19. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 4.86 |
| 12 | महाराष्ट्र | 20. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 | 27.67 |
| 13 | मेघालय | 21. | मेघालय में तीर्थ यात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 | 17.59 |
| 14 | मिज़ोरम | 22. | प्रशाद योजना के तहत मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.88 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 14.12.22 |
| 15 | नागालैंड | 23. | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 21.33 |
| | | 24. | प्रशाद योजना के तहत जुन्हेबोटो, नागालैंड में तीर्थयात्रा और पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 14.11.22 |
| 16 | ओडिशा | 25. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देउली में प्राची नदी तट पर अवसंरचना विकास## | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |
| 17 | पंजाब | 26. | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास** | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| | | 27. | प्रशाद योजना के अंतर्गत् रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 7.26 |
| 18 | राजस्थान | 28. | पुष्कर / अजमेर का समेकित विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 |
| 19 | सिक्किम | 29. | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 18.50 |
| 20 | तमिलनाडु | 30. | कांचीपुरम का विकास** | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| | | 31. | वेलंकनी का विकास** | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| 21 | तेलंगाना | 32. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 13.76 |
| | | 33. | तेलंगाना के भद्राचलम, भादाद्री कोट्टागुडम जिले में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 22.12.22 |
| | | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 22.12.22 |
| 22 | त्रिपुरा | 35. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 | 21.18 |
| 23 | उत्तराखंड | 36. | केदारनाथ का समेकित विकास** | 2015-16 | 34.77 | 34.77 |
| | | 37. | प्रशाद योजना के अंतर्गत बद्रीनाथजी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रियों की सुविधा के | 2018-19 | 56.13 | 20.79 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लिए अवसंरचना का विकास | | | |
| | | 38. | प्रशाद योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 2021-22 | 54.36 | 14.06 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 39. | मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास (चरण II)** | 2014-15 | 10.98 | 10.98 |
| | | 40. | मथुरा जिले के वृंदावन में पर्यटक सूविधा केन्द्र का निर्माण** | 2014-15 | 9.36 | 9.36 |
| | | 41. | वाराणसी का विकास- चरण-I** | 2015-16 | 20.40 | 16.32 |
| | | 42. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 | 9.02 |
| | | 43. | प्रशाद योजना - चरण ।। के अंतर्गत वाराणसी का विकास** | 2017-18 | 44.60 | 31.77 |
| | | 44. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 30.97 |
| 25 | पश्चिम बंगाल | 45. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |
| | | | **कुल** | | **1586.10** | **858.37** |

**परियोजना का भौतिक निस्पादन पूर्ण हो गया है।

## किए गए कार्य की सीमा तक पूर्ण घोषित की गई परियोजना।

*******